प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 20.03.2026 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. केंद्रीय कृषि मंत्री षिवराज सिंह चौहान ने राज्यों से समन्वय बना बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के आकलन का दिया निर्देषं
2. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने हजारीबाग स्थित ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण, मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था को बताया संतोषजनकं
3. झारखंड प्रदेष कांग्रेस कमिटी ने पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को तीन साल के लिए किया निष्कासित, पार्टी गाइडलाइन से हटकर बयान देने पर अनुशासन समिति ने की कार्रवाईं
4. सिमडेगा पुलिस ने पीएलएफआई के नौ उग्रवादियों को किया गिरफ्तार, लेवी के लिए सड़क निर्माण कंपनी के कैंप में आगजनी की घटना को दिया था अंजामं
5. झारखंड के तीन खिलाड़ी सरिता कुमारी, निकिता सोरेन और विकास उरांव का भारतीय टीम में चयन, एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में करेंगे देश का प्रतिनिधित्वं

''''''''''''''''''

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार देश के विभिन्न भागों में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए त्वरित उपाय कर रही हैं आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौहान ने बताया कि अधिकारियों से नुकसान का तत्काल आकलन करने के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय करने को कहा गया हैं

''''''''''''''''''

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आज हजारीबाग स्थित ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कियां इस दौरान उन्होंने सुरक्षा और संरचनात्मक व्यवस्था सहित निर्धारित मानकों के अनुपालन की समीक्षा कीं निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, जिला अग्निशमन पदाधिकारी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप संतोषजनक बतायां उन्होंने सीसीटीवी निगरानी, अग्निशमन संसाधन और अभिलेख संधारण की भी समीक्षा कीं

''''''''''''''''''

पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को कांग्रेस ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तीन साल के लिए निष्कासित कर दिया हैं अनुशासन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने पार्टी गाइडलाइन से हटकर बयान देने के आरोप में यह कार्रवाई की हैं प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि योगेंद्र साव लगातार पार्टी लाइन के खिलाफ बयान दे रहे थें हाल ही में उन्होंने मुख्यमंत्री और सरकार के खिलाफ भी बयान दिया था, जिसे गंभीरता से लेते हुए यह निर्णय लिया गयां

''''''''''''''''''

निर्वाचन आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों को विनियमित करने का आदेश जारी किया हैं आदेश के अनुसार सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और व्यक्तियों या संगठनों को भी अपने विज्ञापन प्रकाशित करने से पहले स्वीकृति लेनी होगीं स्वीकृति मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति –एमसीएमसी से लेनी होगीं यह नियम टीवी, रेडियो, सार्वजनिक प्रदर्शन स्क्रीन, ई–पेपर, बढी संख्या में एसएमएस, वॉइस मैसेज और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दिखाए जाने वाले विज्ञापनों पर लागू होता हैं

''''''''''''''''''

जमशेदपुर के मानगो नगर निगम में मेयर सुधा गुप्ता ने आज विधिवत रूप से पद्भार ग्रहण कर लियां पदभार ग्रहण करने के बाद मेयर ने निगम के कर्मचारियों से मुलाकात की और सभी के साथ मिलकर बेहतर कार्य करने का संकल्प लियां मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और विकास कार्यों को तेज किया जाएगां

''''''''''''''''''

रांची में झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट एकेडमी द्वारा प्रथम वार्षिक कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर के शिक्षाविद् और विशेषज्ञ शामिल हुएं प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार ने शिक्षकों को राष्ट्रनिर्माता की भूमिका निभाने का आह्वान कियां मुख्य अतिथि पी कंडास्वामी ने आधुनिक शिक्षा और तकनीक से जुड़ने तथा फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रमों के विस्तार पर जोर दियां कॉन्क्लेव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग और शिक्षकों के नेतृत्व विकास जैसे विषयों पर चर्चा हुईं विशेषज्ञों ने शोध, डिजिटल अवसंरचना और उद्यमिता को बढ़ावा देने के सुझाव दिएं

''''''''''''''''''

सिमडेगा जिले की पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई से जुड़े नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया हैं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस खोटरे ने बताया कि जलडेगा थाना क्षेत्र में सड़क निर्माण कंपनी के कैंप में 25 जनवरी की रात आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया थां

''''''''''''''''''

गिरिडीह में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आज पुलिस प्रशासन को 32 चारपहिया और 40 मोटरसाइकिल सौंपें बड़ा चौक में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां इस मौके पर मंत्री ने कहा कि ये वाहन विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मील का पत्थर साबित होंगें

''''''''''''''''''

रांची सहित राज्यभर में ईद, सरहुल और रामनवमी को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया हैं राज्यभर में पांच हजार अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई हैं इधर रांची में एसएसपी राकेश रंजन ने विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा कीं उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी परिस्थिति में शहर की शांति व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिएं एसएसपी ने क्षेत्रवार सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिएं

''''''''''''''''''

रांची में आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गयां कार्यक्रम की थीम "गौरैया लौटेंगे तो सुबह मुस्कुराएगी" रखी गईं इस मौके पर प्रमुख मुख्य वन संरक्षक संजीव कुमार ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वनों का संरक्षण बेहद आवश्यक हैं

''''''''''''''''''

राजधानी रांची सहित राज्य भर में आज रमजान के आखिरी जुम्मे के अवसर पर अलविदा जुम्मा की नमाज पूरे अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गईं बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों में पहुंचकर नमाज अदा की और देश में अमन–चौन, भाईचारा और खुशहाली के लिए दुआ मांगीं

''''''''''''''''''

मौसम विभाग ने आज झारखंड के कई जिलों रांची, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, दुमका, देवघर, गिरिडीह, हजारीबाग और रामगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई हैं इन इलाकों में गरज–चमक के साथ तेज हवा चलने और बादल छाए रहने का अनुमान जताया गया हैं कुछ स्थानों पर आंधी और वज्रपात की भी संभावना है, जबकि हवा की रफ्तार तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती हैं

''''''''''''''''''

झारखंड के तीन साइकिल खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में किया गया है, जो फिलीपींस में 26 से 31 मार्च तक आयोजित होने वाली एशियाई ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करेंगें झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेन्द्र कुमार पाठक के अनुसार चयनित खिलाड़ियों में सरिता कुमारी, निकिता सोरेन और विकास उरांव शामिल हैं इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में एशिया के विभिन्न देशों के शीर्ष साइकिल खिलाड़ी भाग लेंगे और महाद्वीपीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करेंगें